<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–10 अप्रैल 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीलीभीत में की रैली। कहा– जब देश मजबूत होता है तो दुनिया उसकी बात सुनती है।
- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की आठ सीटों पर इक्यानबे प्रत्याशी चुनाव मैदान में। कल नाम वापसी की प्रक्रिया हुयी पूर्ण।
- नवसंवत्सर के साथ चैत्र नवरात्र की हुयी शुरूआत। आज मां आदिशक्ति के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की, की जा रही है आराधना।
- कल नहीं दिखा ईद का चांद। ग्यारह अप्रैल यानी कल मनाया जायेगा ईद का पर्व।

**********

पहले चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न दलों के नेता जनसंपर्क और जनसभाओं के माध्यम से मतदाताओं को लुभाने में लगे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल पीलीभीत में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जब देश मजबूत होता है तो दुनिया उसकी बात सुनती है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत ने दिखा दिया है कि उसके लिए कुछ भी हासिल करना असंभव नहीं है। लक्ष्य कितना भी कठिन क्यों न हो, यदि भारत संकल्प कर ले तो वह निश्चित रूप से उसे हासिल करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस प्रेरणा और ऊर्जा के साथ उनकी सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम कर रही है।

***जब नीयत सही होती है, हौंसले बुलंद होते हैं तो नतीजे भी सही मिलते हैं। आज हम चारों तरफ विकसित भारत का निर्माण होते हुए देख रहे हैं। कहीं फोर लेन, सिक्स लेन कहीं ऐट लेन के हाई वे बन रहे हैं, वहीं भव्य रेलवे स्टेशन बन रहे हैं, कहीं वंदे भारत और अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेने चल रहीं हैं।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कृषि उत्पादन में पीलीभीत के महत्व का उल्लेख किया और किसानों के हितार्थ किये जाने वाले सरकार के प्रयासों की चर्चा की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हम बदलते भारत को देख रहे हैं, जहां सुरक्षा भी है, सम्मान भी है, विकास की बड़ी योजनाएं भी हैं और गरीबों के कल्याण के लिए भी योजनाएं हैं।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की आठ सीटों पर कुल 91 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। कल नाम वापसी के आखिरी दिन कुल आठ संसदीय सीटों से तीन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस लिए। इनमें मेरठ में एक और अलीगढ़ में दो उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस लिया है। दूसरे चरण में इन आठ सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसमें मेरठ की महत्वपूर्ण सीट भी शामिल है। पेश है हमारी प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

***पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मेरठ लोकसभा सीट में पांच विधानसभाएं आती हैं। इसमें मेरठ जनपद की चार विधानसभाओं मेरठ कैंट, मेरठ किठौर ,मेरठ शहर, मेरठ दक्षिण समेत हापुड़ विधानसभा शामिल है। इस लोकसभा क्षेत्र में कुल 20 लाख 530 मतदाता हैं। इनमें 10 लाख 75 हजार 368 महिला मतदाता और 9 लाख 25 हजार 22 पुरुष मतदाता और 140 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। मेरठ लोकसभा सीट से भाजपा ने अरुण गोविल को अपना प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर समाजवादी पार्टी ने दो बार अपने प्रत्याशियों के नाम बदले और आखिर में पूर्व मेयर सुनीता वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। समाजवादी पार्टी ने सबसे पहले एड्वोकेट भानु प्रताप को टिकट दिया था लेकिन बाद में उनका टिकट बदलकर सरधना विधायक अतुल प्रधान को दे दिया गया। उन्होंने अपना नामांकन भी दाखिल कर दिया था लेकिन नामांकन के आखिरी दिन उनका टिकट काट दिया गया और सपा से सुनीता वर्मा ने नामांकन किया। वहीं बसपा से इस सीट पर देवव्रत त्यागी चुनावी मैदान में हैं। संगीता श्रीवास्तव, आकाशवाणी समाचार, मेरठ।***

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल पीलीभीत के अलावा हापुड़ और रामपुर में जनसभा को संबोधित किया। रामपुर में पार्टी प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के समर्थन में जनसभा करते हुए श्री योगी ने कहा कि विकसित भारत के लिये विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित उत्तर प्रदेश के लिये विकसित रामपुर जरूरी है। हापुड़ में गठबंधन प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा करते हुए श्री योगी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है और भारत की सीमा सुरक्षित हुई है।

शामली में राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने भाजपा–रालोद के संयुक्त प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिस सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर किसानों का गौरव बढ़ाने का कार्य किया है, वह सरकार किसानों का शोषण नहीं कर सकती।

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने कल रायबरेली में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि रायबरेली और अमेठी सीट पर जनता की इच्छा के अनुरूप उम्मीदवार जल्द उतारे जायेंगे।

**********

कर्मचारी चयन आयोग, एसएससी ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तीन भर्ती परीक्षाओं की तिथियों में परिवर्तन किया है। एसएससी की सेलेक्शन पोस्ट बारह की भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा छह, सात और आठ मई को होनी थी। अब ये परीक्षा चौबीस, पचीस और छब्बीस जून को होगी। केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल और दिल्ली पुलिस में सब इंसपेक्टर की भर्ती परीक्षा नौ, दस और तेरह मई को होनी थी। अब यह परीक्षा सत्ताईस, अट्ठाईस और उनतीस जून को होगी। इसी तरह चार, पांच और छह जून को होने वाली जेई भर्ती की परीक्षा अब पांच, छह और सात जून को होगी।

**********

चैत्र नवरात्र के साथ कल से ही नव संवत्सर की शुरूआत भी हो गयी है। नौ दिनों तक चलने वालीी नवरात्र के अवसर पर आस्था और उल्लास के वातावरण में प्रदेश भर के दुर्गा मंदिरों में ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालु माता का दर्शन पूजन कर रहे है। नवरात्र के पहले दिन कल मां आदिशक्ति के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की गयी। आज मां के द्वितीय स्वरूप ब्रह्मचारिणी की आराधना की जा रही है।

कल मिर्जापुर जिले में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल में बीती आधी रात से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां देश के कई हिस्सों से श्रद्धालु मॉ विन्ध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने पहुंच रहे हैं। बलरामपुर जिले में स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ पर भी श्रद्धालुओं ने मॉ का दर्शन पूजन किया। यहां देश के विभिन्न हिस्सों के साथ पडोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसके साथ ही प्रदेश भर के देवी मंदिरों और घरों में मां की आराधना कर मंगल कामना की जा रही है।

**********

नव संवत्सर के अवसर पर कल अयोध्या में श्री राम जन्मोत्सव के लिए रामलला का श्रृंगार कर नए वस्त्र धारण कराए गए। अपने आराध्य का नये वस्त्रों में भव्य दर्शन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। प्रस्तुत है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***कल मंगलवार को अयोध्या में श्री राम जन्मोत्सव का शुभारंभ हुआ,जिसमें श्री राम जन्म भूमि मंदिर के गर्भ गृह में चांदी की चौकी पर अभिजीत मुहूर्त में चांदी का कलश स्थापित कर नव दिवसीय अनुष्ठान शुरू किया गया और अलग–अलग समूह में वैदिक आचार्य श्री राम चरित्र मानस का नवारू परायण,श्रीमद् वाल्मीकि रामायण,दुर्गा सप्तशती,राम रक्षा स्त्रोत और विष्णु सहस्त्र नाम का पाठ कर रहे हैं।इसी के साथ अयोध्या के सभी मंदिरों में वस्त्र आदि बदल कर श्रृंगार करके राम लला को शोभायमान किया गया है, शाम होते ही जन्मोत्सव के बधाई गान मंदिरों में गूंजने लगे और देर रात तक जगह –जगह राम लीलाओं के मंचन और प्रख्यात कथा वाचकों के प्रवचन से वातावरण धार्मिक हो रहा है तन्मय सोनी***

**********

ईद का चांद कल नहीं दिखाई दिया है। इसलिये आज रोजा रखा जायेगा। ईद का पर्व कल यानी ग्यारह अप्रैल को मनाया जायेगा। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चैयरमैन और ईदगाह इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने लखनऊ में कहा कि कल ईद–उल–फितर का चांद नहीं दिखाई दिया। उन्होंने तमाम नमाज़ियों से अपील की कि ईद के दिन ईदगाह आकर नमाज़ अदा करें। ईदगाह में नमाज सुबह दस बजे होगी। सड़क पर नमाज़ न पढ़ी जाए।

**********

एनटीए की ओर से नीट यूजी दो हजार चौबीस के लिये विद्यार्थियों को आवेदन का एक और मौका दिया गया है। एनटीए की ओर से जारी नोटिस के अनुसार नीट–यूजी के लिये ऑनलाइन आवेदन का आज अन्तिम तिथि है। आवेदन का शुल्क आज ग्यारह बजकर पचास मिनट तक जमा किया जा सकेगा। वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है।

**********